तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 28 जून 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

02 जनपद की सामान्य सभा में बिना जानकारी के पहुंचे...



04 अनुशासन ही पुलिस व्यवस्था की बुनियाद : आईजी गर्ग



## खबर संक्षेप



### दाढ़ी में गंदे पानी की निकासी की मांग को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**बेमेतरा/दाढ़ी।** नगर पंचायत दाढ़ी के शहीद भगत सिंह वार्ड क्रमांक 11 के रहवासियों ने शुक्रवार को गली-मोहल्लों में भरे गंदे पानी की निकासी को लेकर तहसीलदार सीताराम कंवर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में सड़क काटकर बंधवा तालाब तक पानी की निकासी होती थी, जिससे किसी तरह पानी बह जाता था। लेकिन अब नगर पंचायत द्वारा प्रवेश द्वार से गौठान तक सीसी रोड और नाली निर्माण कराया जा रहा है, जिसकी ऊँचाई पहले बनी नाली से ज्यादा है। इससे पानी बह नहीं पा रहा और गंदा पानी वार्ड में जमा हो रहा है।

रहवासियों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो डायरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा सकता है। उन्होंने बताया कि अब जब सीसी रोड बन गया है, तो पुराने रास्ते से पानी निकल पाना संभव नहीं है। ऐसे में नई योजना बनाकर नाली को नदी तक जोड़ना जरूरी है।

ज्ञापन सौंपने वालों में रामखेलावन जायसवाल, राजेंद्र चंद्राकर, श्रीराम साहू, कैलाश विश्वकर्मा, अमित हालदार, महामंत्री सीताराम साहू, मुकेश चंद्राकर एवं कांग्रेस कमेटी के संयुक्त जिला महामंत्री सीशीर दुबे शामिल थे।

पर्व : रथ यात्रा की श्रद्धालुओं ने जगह-जगह की पूजा

# श्रद्धा भक्ति के साथ निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई, श्रद्धालुओं ने विभिन्न स्थानों पर पूजा अराधना किया नवीन बाजार से रथ यात्रा शुरू होकर नयापारा से होते हुए राम मंदिर में समापन हुआ।

■ नवीन बाजार से रथ यात्रा शुरू होकर नयापारा से होते हुए राम मंदिर में हुआ समापन

जगन्नाथ महोत्सव समिति के तत्वाधान में शुक्रवार को शहर में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली गई । रथयात्रा में जिला मुख्यालय समेत आसपास के गांवो से भारी तादाद में श्रद्धालु शामिल हुए। भगवान जगन्नाथ का रथ खींचने भक्तों में होड़ लगी रही। फूलों से सजे रथ में भगवान जगन्नाथ को विधि विधान से राम मंदिर पुजारी शिव पाठक द्वारा पूजा अर्चना कर विराजमान किया गया । रथ यात्रा की भव्यता के लिए कर्मा नृत्य, राउत



नाच, छत्तीसगढ़ी पारंपरिक नृत्य दल, डीजे सिस्टम समेत अन्य कार्यक्रमों को शामिल किया गया है । लोक कलाकार पारम्परिक वेशभूषा से सुसज्जित मनमोहक प्रस्तुति दे रहे थे । भक्तों को चना मूंग का प्रसाद वितरण किया गया । रथ यात्रा के नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालु रीति रिवाज व परंपरा के अनुसार रथ के सामने झाड़ू लगाकर मार्ग की सफाई कर रहे थे।

**इन मार्गो से होकर गुजरी रथ यात्रा-** दोपहर नवीन बाजार से रथ यात्रा शुरू होकर नयापारा से होते हुए गस्ती चौक, सिग्नल चौक, परशुराम चौक, जय स्तंभ चौक, पियर्स चौक, गायत्री मंदिर पिकरी, प्रताप चौक से होते हुए राम मंदिर में समापन हुआ । इस दौरान भगवान जगन्नाथ का दर्शन और पूजा अर्चना के लिए भक्त उमड़ पड़े । भगवान जगन्नाथ के जयकारा से माहौल भक्तिमय हो उठा। सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर पूरी शोभायात्रा के दौरान ▶▶|शेष पेज 2 पर

## धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

**थान खम्हरिया।** नगर में शुक्रवार दोपहर 3:00 बजे के बाद रथ यात्रा निकाली गई। कई सालों से भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली जा रही है। ट्रैक्टर में सजावट कर तोरण, बंदनवार ध्वज व रंग, बिरंगी कपड़ों से सजाकर भगवान का श्रृंगार कर विराजित किया गया। राधा कृष्ण जमात मंदिर व जगन्नाथ मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आसपास ग्रामीण अंचल के लोग दोपहर के बाद से दर्शन के लिए आना शुरू हुआ। वही मंदिर, देवालय में दर्शन करने श्रद्धालु पहुंचकर भगवान जगन्नाथ और भगवान राम दरबार की झांकियो का दर्शन किए। पारंपरिक रीति रिवाज और मंत्रोच्चार के बीच भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम और बहन



सुभद्रा का रथ में विराजित कर नगर भ्रमण कराया गया। जगह जगह रोक कर भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना की गई। व सुख शांति की कामना की गई। प्रसाद वितरण किया गया। महंत वसंत बिहारी दास ने बताया यह पर्व ना केवल भक्ति की शक्ति को दर्शाता है। बल्कि यह सामाजिक एकता समर्पण और सांस्कृतिक धरोहर का अनुपम उदाहरण भी है। रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य भगवान जगन्नाथ का अपने भक्तों के बीच वार्षिक भ्रमण होता है। यात्रा के पश्चात विशेष आरती का आयोजन भी मंदिर में किया गया। हिंदू धर्म में जगन्नाथ रथ यात्रा का विशेष महत्व है। रथ यात्रा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# तीन साल से अधूरी आंगनबाड़ी के लटकते छज्जे से दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मोहभट्ठा में तीन साल से आंगनबाड़ी भवन अधूरा होने के कारण गांव के ही सामुदायिक भवन में शिक्षा दीक्षा दी जा रही है। आपको बता दें कि ग्राम पंचायत मोहभट्ठा में नवनिर्माण आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 का भवन अभी कार्य प्रगति पर है और चारों दिशाओं की छज्जे टूट कर लटकते नजर आ रहे है। इसमें ग्रामीणों का कहना है कि कार्य एजेंसी ठेकेदार और इंजीनियर की मिलीभगत के चलते आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 की आय राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। निर्माण के पूर्व ही गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य की छवि साफ साफ दिखाई देने लगे है। वही तकनीकी सहायक की लापरवाही सामने आ रहे है। बिना निरीक्षण व नमूने की



जांच नहीं करना ठेकेदार की हौसले बुलंद होने से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। साथ ही वर्तमान व भविष्य में ग्रामीण बच्चों के जीवन को खतरा में डालने बराबर निर्माण कार्य को अंजाम दे रहे है। पिछले तीन साल पहले आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 भवन निर्माण कार्य शुरू हुआ था जो कि अब भी निर्माण कार्य अधूरा है। आपको बता दें कि आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 भवन के अधूरे रहने से बच्चों को शौचालय और पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। इसके चलते भवनों में अंधेरा छाया रहता है और गर्मी के दिनों में बच्चे और कार्यकर्ताओं को परेशानी होती है। ठेकेदार की लापरवाही के कारण अब तक स्कूल भवन अधूरा पड़े हुए है। जिम्मेदार इस ओर ध्यान तक नहीं देना संबंधित विभाग के लिए सवाल खड़ा कर रहे है।

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 30 को

**बेमेतरा।** कार्यालय कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन (लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग), खंड-बेमेतरा द्वारा जारी सूचना के अनुसार जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की महत्वपूर्ण बैठक 30 जून 2025, दिन सोमवार को प्रातः 10:00 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं मिशन प्रमुख द्वारा की जाएगी। इस बैठक में जिला पंचायत बेमेतरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उप संचालक कृषि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी सदस्य के रूप में सम्मिलित होंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा अंतर्गत जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा। 25 सितंबर 2024 के पश्चात प्राप्त प्रस्तावों के अनुमोदन पर चर्चा।प्री-क्वालिफिकेशन के आधार पर निविदाओं की स्वीकृति/अस्वीकृति पर निर्णय। विद्युत संयोजन से संबंधित समस्याओं पर विचार। अपूर्ण योजनाओं पर चर्चा एवं आवश्यक निर्णय। संपूर्ण योजनाओं की सामुदायिक स्वीकृति की स्थिति पर चर्चा। न्यूनतम दर पर प्राप्त निविदा के संबंध में निर्णय। जल जीवन मिशन के कार्यों के प्रचार-प्रसार हेतु निविदा पर विचार। ग्राम सभाओं में प्रशासनिक स्वीकृति के लिए रखे गए प्रस्तावों पर चर्चा। अन्य आवश्यक विषयों पर चर्चा। बैठक में मिशन के अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी एवं भावी कार्ययोजना पर निर्णय लिया जाएगा।



# जनपद की सामान्य सभा में बिना जानकारी के पहुंचे अफसर, सदस्यों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

जनपद पंचायत पाटन की सामान्य सभा की बैठक बुधवार को संपन्न हुई। इस बैठक में अपनी-अपनी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सभी जनपद सदस्य काफी मुखर रहे। वहीं जनपद सदस्यों ने यह भी नाराजगी जताई कि जनपद की सामान्य सभा की बैठक में अधिकारी पूरी जानकारी के साथ उपस्थित नहीं होते। कई ब्लॉक के प्रमुख अधिकारी अपने प्रतिनिधि के रूप में जिसे भेजते हैं वह भी जवाब देने में असफल रहते हैं। ऐसे में क्षेत्र की समस्याओं के बारे में चर्चा नहीं हो पाती। इसे लेकर भविष्य में सभी ब्लॉक मुख्यालय के अधिकारियों को जनपद की सामान्य सभा की बैठक में पूरी जानकारी के साथ मौजूद रहने की मांग भी सदस्यों ने की है। जनपद पंचायत पाटन की बैठक की अध्यक्षता में बुधवार को जनपद पंचायत पाटन के अध्यक्ष कीर्ति नायक ने की। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी आईएएस अधिकारी पठारे अभिजीत बबन के साथ-साथ उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, विधायक प्रतिनिधि जवाहर वर्मा के अलावा सभी जनपद सदस्य, सभापति एवं अधिकारी भी मौजूद थे। जनपद सदस्यों ने सबसे पहले अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। इसके अलावा सभी सदस्यों के साथ बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा भी की गई। क्षेत्र में खेती किसानी के दिन आ गए हैं और सोसाइटियों में खाद की संकट को लेकर सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं रखी। किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य आनंद बघेल, विधायक प्रतिनिधि जवाहर वर्मा, दिनेश साहू, उर्वशी वर्मा, रश्मि वर्मा ने मुख्य रूप से सोसाइटी में खाद नहीं है जिसके कारण किसानों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। इस पर जल्द से जल्द सेवा सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया।

## जनपद पंचायत पाटन सामान्य सभा में अपने- अपने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर हुई चर्चा

### क्षेत्र में बिना रॉयल्टी के परिवहन हो रहा

विधायक प्रतिनिधि जवाहर वर्मा ने क्षेत्र के चूना पत्थर खदानों में एक ही रॉयल्टी पर्ची में कई बार परिवहन कर रॉयल्टी चोरी के मुद्दा को सदन में प्रमुख रूप से रखा। साथ ही उन्होंने कहा कि भारत माला परियोजना के तहत बन रहे सड़क से सही रॉयल्टी मिलने पर 15 करोड़ की रॉयल्टी पाटन को मिल सकती है। खनिज विभाग के मिलीभगत के कारण क्षेत्र में बिना रॉयल्टी के परिवहन हो रहा है। अवैध मुरूम खनन आदि चल रहा है। इसका ताजा उदाहरण बुधवार को देखने को मिला। राजस्व विभाग द्वारा खनिज विभाग को बिना सूचना दिए करवाई करने पर अवैध खनन करते और परिवहन करने वालों पर कार्रवाई हुई। जनपद सभापति प्रणव शर्मा ने ग्राम राखी में नल जल योजना का कार्य पूर्ण नहीं है इसे जल्द पूरा करने की मांग किया। उन्होंने पाटन ब्लॉक के स्कूलों में शिक्षकों की समस्याओं को भी सदन पर रखा।



### अपूर्ण नल जल योजना की दी जानकारी

जनपद सदस्य दिनेश साहू ने नल जल योजना अपूर्ण एवं पाइपलाइन अभी तक नहीं बिछी है इसके बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने अपने क्षेत्र के सभी गांव में जल्द से जल्द नलजल योजना का कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने के लिए भी सदन में बात रखी। आनंद बघेल ने अचानकपुर हाईस्कूल में बच्चे कम हो रहे हैं इसके बारे में बात रखी। उन्होंने कहा कि अचानकपुर स्कूल में ग्राम अचानकपुर और ढौर के बच्चे पढ़ते हैं लेकिन सेलूद के स्कूल में ग्राम ढौर के बच्चों का एडमिशन लिया जा रहा है जिसके कारण ढौर के बच्चे अचानकपुर नहीं आ रहे हैं ऐसे में अचानकपुर स्कूल में बच्चे कम हो रहे हैं। हाई स्कूल अचानकपुर में बच्चों की संख्या बढ़े इसके लिए उन्होंने मांग किया है कि सेलूद स्कूल में ग्राम ढौर के बच्चों का एडमिशन न लिया जाए जिससे कि अचानकपुर स्कूल में वहां के बच्चे पढ़ सके।

## खबर संक्षेप

### भाजपा नेता सत्ता के नशे में चूर : कोहले

**दुर्ग।** नगर निगम दुर्ग में जब से भारतीय जनता पार्टी की महापौर बैठी है, तब से आए दिन भाजपा के कार्यकर्ता निगम कर्मचारियों और अधिकारियों से गाली गलौच और मारपीट की जा रही है। सत्ता के नशे में चूर भाजपा के कार्यकर्ता कभी राजस्व विभाग में गाली गलौच कर रहे है। कभी बिजली कर्मचारी से मारपीट और वार्ड 5 में सामुदायिक भवन का ताला तोड़ कर कब्जा करने की कोशिश करना, कभी शक्ति नगर तालाब में बिना जानकारी के बिना जांचे दवाई डलवा देना जिससे तालाब की सारी मछली मर गई और वार्ड 17 और वार्ड 18 में बदबू फैल गई। जिससे महामारी की आशंका बढ़ गई है। इस तरह की हरकत भाजपा के लोगों द्वारा किया जा रहा है। उधर महापौर, सांसद की परिक्रमा करने में लगी है। महापौर से निगम सम्भल नहीं रहा है। महापौर 3 माह में शासन से कोई राशि नहीं ला पा रही है। न ही सासंद से सांसद निधि का पैसा ला पा रही है। शायद सांसद को निगम महापौर पर भरोसा नहीं है, वहीं निगम आयुक्त ठीक ढंग से प्रशासन नहीं चला पा रहे है। आज कांग्रेस पार्षद दल ने आयुक्त से शिकायत की और निगम कर्मचारियों और अधिकारियों की सुरक्षा की मांग की एवं नगर निगम में भाजपा के लोगों द्वारा जो मनमानी पर रोक लगाने की मांग की है।

पेज 3 का शेष...

### श्रद्धा भक्ति के...

पुलिस के जवान तैनात रहे।

**बेमेतरा विधायक समेत हजारों श्रद्धालु रथयात्रा में हुए शामिल-** रथ यात्रा में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिंहा, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा समिति से बाबा तंबोली, अरुण नंदवाना, गुड्डा गुप्ता, अमरिका निर्मलकर, विकास तम्बोली, गिरीश गबेल, अशोक शर्मा, मनीष चौबे, अमित तिवारी, चंद्रप्रकाश मुंदड़ा, मनीष दीक्षित, रितेश छाबड़ा, रवि पाण्डेय, सचिन टिकरिहा, राकेश मोहन शर्मा, मिक्कू भूतड़ा, दिनेश सिन्हा, सुधीर तिवारी समेत हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा का नगर भ्रमण के दौरान समाज प्रमुखों व जनप्रतिनिधियों की ओर से शहर में जगह-जगह रथ यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल लोगों के लिए फल, शीतल पेय, पानी पाउच, शर्बत आदि की व्यवस्था की गई थी।

## लोकार्पण के बाद भी नहीं खोलने से क्षेत्र के खिलाड़ियों में नाराजगी

# करोड़ों का बना स्टेडियम खंडहर में हो रहा तब्दील, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|पाटन

पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत रानीतराई में सर्वसुविधा युक्त स्टेडियम का निर्माण तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शासनकाल में किया गया है। जिसका लोकार्पण वर्तमान सरकार के शासनकाल में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले किया गया है। आपको बता दें उक्त स्टेडियम का लोकार्पण होने के बाद भी आज तक खिलाड़ियों के लिए नहीं खोला गया है। जिससे क्षेत्र के खिलाड़ियों में नाराजगी देखी जा रही है। वहीं सत्ता पक्ष के स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी चुप्पी से लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। आखिर करोड़ों के बने इस स्टेडियम का लोकार्पण होने के बाद भी खिलाड़ियों को समर्पित क्यों नहीं की जा रही है।

यदि ऐसा ही चलता रहा और शासन प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दिया तो निश्चित रूप से करोड़ों के बने स्टेडियम को खंडहर में तब्दील होने में देर नहीं लगेगी। अभी भी पूरे मैदान में घास फूंस उग गए हैं और विभाग के अधिकारी मौन साधे हुए हैं। जब से लोकार्पण हुआ है तब से एक भी दिन यहां पर किसी भी प्रकार की कोई टूर्नामेंट का आयोजन नहीं किया गया है और ना ही स्थानीय खिलाड़ियों के लिए इसे खोला गया है। जिससे खिलाड़ियों में नाराजगी शासन प्रशासन के प्रति देखी जा रही है। वही पंचवन में स्थानीय खिलाड़ियों के द्वारा अस्थाई रूप से मैदान बनाकर के अभ्यास करते हैं और उक्त स्टेडियम के पास मैदान से कई बच्चे सेना में चयनित हो चुके हैं। देश की सेवा कर रहे हैं यदि प्रशासन सहयोग करें तो निश्चित रूप से नया स्टेडियम में सुविधा के साथ बच्चे अभ्यास कर पाएंगे जिसका सीधा लाभ

## रानीतराई में स्टेडियम का निर्माण तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश के शासनकाल में किया गया



### वर्तमान सरकार खिलाड़ियों को सुविधा नहीं देना चाह रही: अशोक

वहीं उक्त विषय में विपक्ष के पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं वर्तमान विधायक प्रतिनिधि जिला पंचायत दुर्ग अशोक साहू से जानकारी लिया तो उन्होंने भाजपा शासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार किसी भी तरह की सुविधा खिलाड़ियों को नहीं देना चाह रही है। जिसके कारण स्टेडियम को चालू करने में रुचि नहीं ले रही है। क्षेत्र के कई बच्चे बाहर में अभ्यास करके देश की सेवा में लगे हुए हैं, लेकिन भाजपा सरकार को खिलाड़ियों की और ना ही अभ्यास करने वाले युवाओं की चिंता है। जिसके कारण सर्व सुविधायुक्त स्टेडियम को लोकार्पण के बाद भी खिलाड़ियों को समर्पित नहीं कर पाई है। निश्चित ही भाजपा की सरकार असफल दिखाई दे रही है। उन्होंने आगे कहा कि डेढ़ साल में क्षेत्र में एक भी विकास कार्य नहीं कर पाई है वर्तमान सरकार कुछ नहीं कर पा रही है तो सिर्फ भूपेश सरकार के किए हुए विकास कार्य को ही संभाल कर रखे तो लोगों को सुविधा मिलेगी।

### स्टेडियम खोलने शासन और खेल विभाग के अधिकारी से हो रही चर्चा: कल्पना

क्षेत्र के जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि लगातार खेल विभाग के अधिकारी व्यवस्था बनाने में जुटी हुई है। शीघ्र ही एक समिति गठित कर स्टेडियम को खोला जाएगा, खेल विभाग के अधिकारी से चर्चा हो रही है शीघ्र ही स्टेडियम चालू होगी। वहीं जनपद पंचायत पाटन के उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा ने कहा कि मेंटेनेंस नहीं होने के कारण थोड़ी अभी दिक्कत हो रही है। लगातार सांसद विजय बघेल से चर्चा की जा रही है साथ ही खेल विभाग के अधिकारियों से भी चर्चा की जा रही है शीघ्र ही एक समिति गठित कर स्टेडियम को खोलने की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम लवकेश ध्रुव से चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि मेरे जानकारी में नहीं आया है। खेल विभाग और पीडब्ल्यूडी विभाग से जानकारी लेकर समन्वय कर शीघ्र ही सकारात्मक पहल की जाएगी। शीघ्र ही स्टेडियम को चालू करवाने का प्रयास की जाएगी।

## फुंडा में नेत्र जांच शिविर, 40 मरीजों का किया परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पाटन द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर फुंडा में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जहां पर नेत्र सहायक अधिकारी योग्या बंडी के द्वारा 40 मरीजों का नेत्र जांच किया गया जिसमें 6 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए जिला चिकित्सालय दुर्ग रेफेर किये गए तथा 10 मरीज आंखों के अन्य संक्रमण के तथा 20 मरीज रिफ्रैक्टिव एरर के पाए गए। सभी मरीजों को नेत्र सहायक अधिकारी योग्या बंडी द्वारा उचित जांच एवं परामर्श दिया गया एवं सभी मरीजों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही अच्छे सेहत एवं अंधत्व से बचाव के लिए गाजर, पपीता, पालक, मुनगा भाजी एवं अन्य हरे पत्तेदार सब्जियों तथा संतुलित आहार को प्रतिदिन अपने भोजन में शामिल करने आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा दिया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से आरएचओ बिष्णु देवांगन, बसंत साहू, सीएचओ नेहा भीमगज, मितानिन शकुन बघेल, मीना वर्मा, अनिता वर्मा एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

■ मरीजों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने किया प्रेरित

### वातावरण को प्रदूषण से बचाने किया पौधारोपण



**उतई।** वन विभाग दुर्ग द्वारा उमरपोटी उतई मार्ग डिपो पर फलदार और छायादार पौधे रोपे गए। इस मौके पर धनेश साहू उपवनमंडला अधिकारी दुर्ग, प्रमोद यादव सहायक परिक्षेत्र अधिकारी दुर्ग, बीएफओ रामा राव एवं संबंधित वार्ड पार्षद एवं उतई नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष द्वारिका साहू, पार्षद रमशीला नेताम, पुरई सरपंच डोमार साहू, धनंजय नेताम, मनोज वन विभाग के कर्मचारी मौके पर उपस्थित थे। सभी ने मिलकर वातावरण को प्रदूषण होने से बचाने के लिए पौधों की देखभाल करने की संकल्प लिए।

## शाला प्रवेश उत्सव मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के पीएम श्री शास प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में कक्षा पहिली, छठवीं एवं कक्षा नवमीं के नवप्रवेशी बच्चों को धूमधाम से शाला में प्रवेश दिलाया गया। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती माता की पूजा-अर्चना कर किया गया। अतिथि स्वागत के पश्चात सभी नवप्रवेशी बच्चों को अतिथियों द्वारा माला पहनाकर, तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर प्रवेश उत्सव मनाया। वहीं कक्षा पहिली, छठवीं के बच्चों को गणवेश वितरित किया गया। कक्षा नवमी के बच्चों को पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत, प्राथमिक प्रधान पाठक टिकेंद्र चंद्राकर, माध्यमिक प्रधान पाठक नरेश गायकवाड़, सरपंच योगेंद्र दिल्लीवार, उपसरपंच शशि ठाकुर, एसएमसी अध्यक्ष मोती मारकंडे, स्मृति सोनी, भामिनी महार, बीना देवांगन, गोदावरी देवांगन, लक्ष्मी साहू, ललित साहू, दिनेश देशमुख आदि उपस्थित थे।

■ बच्चों को किया पाठ्य पुस्तक का वितरण

## डॉ. तीजन बाई सम्मान समारोह का होगा आयोजन

**पाटन।** अंतरराष्ट्रीय पंडवानी गायिका पद्म विभूषण डॉ.तीजन बाई से सौजन्य मुलाकात कर पद्म विभूषण डॉ.तीजन बाई पंडवानी नवरत्न सम्मान, पंडवानी भुंइया सम्मान, पंडवानी आरुग सम्मान अलीम बंशी एवं परिवार द्वारा आयोजित होने वाले हैं। कार्यक्रम के लिए प्रेसवार्ता 25 जून को किया गया। प्रेसवार्ता करते हुए आयोजक समिति के सदस्यों ने कहा कि नवरत्न सम्मान सहित भूईयां और आरुग सम्मान किया जाना है। साथ ही 8 अगस्त को नव रत्न सम्मान होगा। प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय पंडवानी गायक चेतन देवांगन, राष्ट्रीय पंडवानी गायक महेंद्र सिंह चौहान, अंतरराष्ट्रीय कलाकार पंडवानी गायक चैतराम साहू, अंतरराष्ट्रीय तबला वादक केवल देशमुख सहित परिवार जन मौजूद थे।



## दारगांव में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने व नवीनीकरण के लिए लगाया शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमधा

कार्यालय उपसंचालक समाज कल्याण जिला दुर्ग के अनुसार दिव्यांगजनों के शारीरिक समस्याओं को कम करने एवं उनकी गतिशीलता में वृद्धि करने के लिए विकासखंड धमधा के अंतर्गत बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दारगांव में 21 प्रकार के दिव्यांग के आधार पर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने तथा नवीनीकरण करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग डॉक्टर मनोज दानी द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों की ड्यूटी शिविर को सफल बनाने में लगाई गई थीं। डॉक्टर भागवत देशलहरा ईएनटी विशेषज्ञ, डॉ. विपिन जैन अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर रिचा वर्मा नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर पीयूष देवांगन मेडीसिन विशेषज्ञ, डॉ. मोहित राम सोनी शिशु रोग विशेषज्ञ के द्वारा कुल 59 दिव्यांगजनों का परीक्षण किया गया। जिसमें अस्थि बाधित 46, पात्र 36 रेफर 10, नेत्र रोग 6 रेफर 6, मूकबाधित एवं श्रवण बाधित 7 जिसमें 6 को रेफर किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर महेंद्र बरेठ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी दारगांव एवं उनके समस्त टीम उक्त शिविर में उपस्थित रहकर पद अनुसार सहयोग प्रदान किए।

■ शिविर को सफल बनाने में विशेषज्ञों का रहा योगदान

## भाजपा मंडल ओटेबंद ने आपात काल को लेकर विचार व्यक्त की

# आपात काल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर हुई संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|अंडा

भारतीय जनता पार्टी मण्डल ओटेबंद के द्वारा भाठागांव आर में आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष लेख राम साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष कुलदीप साहू, जिला सह संयोजक कमलेश पाण्डे, मण्डल संयोजक थानसिंह मंडावी, सह संयोजक कौशल किशोर साहू, केके साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा, खुशाल साहू ने संबोधित किया। मुख्य वक्ता पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू ने कहा कि वर्ष 1975 में भारत में आपात काल की घोषणा आंतरिक अशांति के आधार पर की गई थीं। तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून



1975 को यह घोषणा की जिसे संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने लागू किया। आपातकाल के दौरान नागरिकों के मौलिक अधिकारों को निलंबित कर दिया गया था, प्रेस पर सेंसरशिप लगा दी गई थी और कई राजनीतिक विरोधियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। इस फैसले ने भारत के राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण और विवादास्पद मोड़ दिया। हम सब उन सत्याग्रहियों को नमन करते हैं जिन्होंने भीषण यातनाएं सहने के बाद भी आपातकाल का विरोध किया और लोकतांत्रिक मूल्यों को संजोकर रखा। संगोष्ठी की संचालन थानसिंह मंडावी एवं महामंत्री तुलेश्वर चंद्राकर ने किया। इस संगोष्ठी में जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्य हेमलता देशलहरा, संध्या मनोज खरे, सरपंच ज्योतेश्वरी साहू, लक्ष्मी ठाकुर, खेदिया यादव, उपसरपंच नीता बंजारे, भूपेन्द्र निषाद, भगवान सिंह कतलम, धनेश चंद्राकर, चूरामन लाल साहू, उमाशंकर नेताम, पुखराज निर्मलकर, योगेश शर्मा, भूपेन्द्र देवांगन, कुणाल कुर्रे, सुदर्शन साहू, चित्रकांत कतलम, वेदप्रकाश साहू, दूज राम साहू, तुलसी साहू, डोमन साहू, लखन लाल मंडावी, रमेश चंद्राकर, राजेंद्र चंद्राकर, दालसिंह मंडावी, देवकुमार साहू, अनूप देशमुख, परमानंद देवांगन, मया राम देवांगन, कमल मानिकपुरी, ब्रह्मा देवांगन, कविता साहू, राधा रातरे, ज्योति प्रकाश साहू, भुनेश्वरी देवांगन, टिकेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शैक्षिणिक सामग्री पाकर खुश हुए बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई

शासकीय प्राथमिक शाला खोपली, काशीडीह, डुमरडीह व पूर्व माध्यमिक शाला खोपली के लगभग 503 बच्चों को सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संस्थापक सुरेश फरमानिया के द्वारा 503 बच्चों को कॉपी, पेन, स्कूल बैग, पहाड़ा व कंपास का वितरण किया गया। बच्चे कॉपी, पेन, कंपास, बैग पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। सुरेश फरमानिया के उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए ग्राम पंचायत खोपली के पूर्व सरपंच फत्ते लाल वर्मा ने फरमानिया का साल, श्रीफल देकर सम्मान किया। शासकीय प्राथमिक शाला खोपली स्कूल के संस्था प्रमुख कुमार साहू व मिडिल स्कूल के संस्था प्रमुख सुंदर लाल देवांगन ने भी फरमानिया का बच्चों के प्रति लगाव, उनके उत्कृष्ट कार्यों, सहयोग की भावना को देखते हुए साल, श्रीफल से सम्मान किया। मंच संचालन शाला के शिक्षक दीपक साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन करते हुए शिक्षक गिरीश साहू ने किया। वहीं बताया कि सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया ट्रस्ट विगत 10वर्षों से सरकारी स्कूलों में बच्चों को स्वेटर, कॉपी, पुस्तके, कंपास, बेंच, डेक्स आदि का वितरण छात्रहित में निःस्वार्थ भाव से कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान सरवती देवी बनारसी दास फरमानिया ट्रस्ट के संस्थापक सुरेश फरमानिया, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक कुमार साहू, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक सुंदर लाल देवांगन, शाला के शिक्षक गिरीश साहू, दीपक साहू, संतोषी कश्यप, रोशनी चंद्राकर, रामेश्वरी चंदेल आदि उपस्थित थे।

■ फरमानिया ट्रस्ट ने बांटे 503 बच्चों को शैक्षणिक सामग्री



# सेमरिया में एक माह से बंद है अटल ज्योति लाइन, धान की बुवाई संकट में

## कुंरा फीडर से संचालित बिजली आपूर्ति ठप, बिजली विभाग पर कार्रवाई न करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

ग्राम पंचायत सेमरिया में किसानों की परेशानी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। गांव में अटल ज्योति योजना के तहत कुंरा फीडर से जुड़ी बिजली लाइन पिछले एक महीने से पूरी तरह बंद है। जिससे पीने के पानी और खेतों की सिंचाई दोनों का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि यह समस्या नई नहीं है, लेकिन इस बार विभागीय लापरवाही और उदासीनता ने स्थिति को गंभीर बना दिया है। किसान लंबे समय से बिजली आपूर्ति बहाल होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन विभाग के अधिकारी सिर्फ बहानेबाजी कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि पिछले 15 दिनों से बिजली विभाग की ओर से कोई भी मैनटेनेंस कार्य नहीं किया गया, जिससे समस्या जस की तस बनी हुई है। अभी खरीफ सीजन की शुरुआत हो चुकी है और अधिकांश किसान धान की बोवाई की तैयारी में लगे हैं। लेकिन बिजली न होने के कारण खेतों में पानी देना संभव नहीं हो रहा है।



### ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन की तत्काल सुधार की मांग

ग्रामवासियों ने 27 जून को नांदघाट स्थित बिजली कम्पनी के कनिष्ठ अभियंता को लिखित ज्ञापन सौंपा है, जिसमें अटल ज्योति लाइन को तत्काल चालू करने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने यह भी लिखा है कि फसल चौपट होने से पहले विभाग को समय रहते कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि किसान अपनी बुवाई पूर्ण कर सकें। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर 2 से 3 दिनों के भीतर बिजली बहाल नहीं की गई, तो वे आंदोलन की राह पर उतरने को मजबूर होंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही लाइन चालू नहीं की गई, तो बुवाई का समय निकल जाएगा और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। किसान द्वारिका यादव ने बताया कि अब तक हम ट्रैक्टर की जुताई कर चुके हैं, लेकिन पानी नहीं मिलने के कारण बोवाई रुकी हुई है। अटल ज्योति लाइन एक भरोसा था, वह भी बंद है।

**कृषि और जीवन दोनों पर संकट-** ग्रामीणों का कहना है कि अटल ज्योति योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को नियमित बिजली प्रदान करना था, लेकिन अब यही योजना उपेक्षा का शिकार हो रही है। किसान वर्ग जो पहले ही मौसम की मार और महंगाई से जूझ रहा है, अब बिजली संकट से दोहरी मार झेल रहा है। ग्राम सेमरिया के किसान अब सिर्फ एक ही सवाल पूछ रहे हैं क्या बिजली विभाग को हमारी फसलों की कोई चिंता नहीं?

## खबर संक्षेप



### विधायक साहू ने केंद्रीय राज्य मंत्री का किया आत्मीय स्वागत

**बेमेतरा।** वरिष्ठ नेताओं और केंद्रीय मंत्री, स्वास्थ्यमंत्री का आगमन हुआ। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने उन सभी का आत्मीय स्वागत कर उत्तम दीर्घायु की कामना की। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू, छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव के निजी प्रवास पर शहर आगमन पर विधायक दीपेश साहू ने पुष्पगुच्छ जहां भेंट किए वही सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में हुई मुलाकात के दौरान राज्य और क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि ऐसे नेतृत्वदायी व्यक्तित्वों का आगमन बेमेतरा की विकास यात्रा में प्रेरणादायक सिद्ध होगा। इस दौरान पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिंहा पार्षद विकाश तम्बोली, चांदनी रोशन दत्ता, पूर्व शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, शहर मण्डल अध्यक्ष युगल देवांगन, रेवा राम निषाद, छोटू राम साहू, डॉ. विनय साहू, तुमा सरपंच परमेश्वर साहू राकेश वर्मा वीरेंद्र साहू उपस्थित रहे।

### हास्य कवि पद्मश्री डॉ. दुबे को श्रद्धांजलि दी गई



**थान खमरिया।** पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे कवि का निधन का समाचार सुनकर नगर स्तब्ध हो गया। एका एक किसी को विश्वास नहीं हुआ। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हंसी की बारीक परतों में गंभीर बातें करने वाले का निधन का समाचार सुनकर विश्वास नहीं हुआ। जैसे टीवी खोलकर देखें तो पता चला। तब जाकर विश्वास हुआ। इस अवसर पर नगर के कवि विनोद शर्मा व आशीष राज सिंघानिया कहा डॉ. सुरेंद्र दुबे जी के निधन पर गहरा शोक करते हुए, ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति एवं शोक संतप्त परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। आगे आपके द्वारा डॉ. सुरेंद्र दुबे जी के निधन पर साहित्य जगत की अपूर्णीय क्षति बताया। डॉ. दुबे जी की जीवन तथा ऊर्जा और साहित्य के प्रति समर्पण सदैव प्रेरणा का स्त्रोत रहेगा। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी, महेंद्र विरदी, राजेश ठाकुर, अनिल सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया, हरि अग्रवाल, शिव केडिया, रौनक मुरारका, विष्णु जोशी, चंद्रशेखर राजपूत ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पद्मश्री कवि डॉ सुरेन्द्र दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**कोलेगांव।** छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पूरे भारत देश-विदेशों में कवि के नाम से जाने, जाने पद्मश्री कवि डॉ सुरेंद्र दुबे का आकस्मिक निधन होने पर ग्राम कोलेगांव, भगतपुर, धनेली, कंझेटा, मोहतरा कला, दामापुर व कुण्डा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में उसके आत्मा के शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पद्मश्री कवि डॉ सुरेन्द्र दुबे छत्तीसगढ़ी भाषा को विश्व पटल पर विशिष्ट पहचान दिलाने वाले, पद्मश्री से सम्मानित कवि डॉ सुरेन्द्र दुबे का हृदयाघात से निधन साहित्य जगत के लिए अपूर्णनीय क्षति है। उनका इस तरह अचानक से चले जाना सबके लिए हृदयविदारक है। इनका जीवन पूर्ण रूप से साहित्य को समर्पित रहा नवांकुर लेखनी के वे आदर्श भी रहे। अपने अल्हड़ व चुटिले अंदाज से लोगों को हंसाने वाले तथा अपनी उपस्थिति मात्र से कवि-सम्मेलनों की सफलता की पूरी गारंटी देने वाले हम सबके सदैव दिलों में जिंदा रहेंगे।

## निरीक्षण : परेड में उत्कृष्ट जवानों को मिला नगद इनाम

# अनुशासन ही पुलिस व्यवस्था की बुनियाद : आईजी गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रेंज के पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने शुक्रवार को जिला बेमेतरा की पुलिस व्यवस्था का वार्षिक निरीक्षण किया। रक्षित केंद्र स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में उन्होंने परेड की सलामी ली और जवानों की टोलीवार ड्रिल, स्कॉट ड्रिल एवं मार्च पास्ट का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जवानों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आईजीपी गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि अनुशासन ही पुलिस व्यवस्था की बुनियाद है। पुलिस बल जितना अनुशासित होगा, उसकी छवि समाज में उतनी ही सशक्त बनेगी। उन्होंने परेड की सराहना करते हुए जवानों के समर्पण को प्रेरणास्पद बताया। परेड कमांड की जिम्मेदारी रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो ने निभाई जबकि सहायक उपनिरीक्षक उदलराम टंडेकर सेकंड इन कमान रहे। सभी टोलियों ने एकरूप गणवेश, अनुशासन और समन्वित कदमताल के साथ मार्च पास्ट प्रस्तुत किया। इस दौरान आईजीपी ने प्रत्येक दल के प्रदर्शन को नजदीक से देखा और उत्कृष्ट दलों को पुरस्कृत किया।

### बेमेतरा पुलिस का वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न



**वाहन व संसाधनों का निरीक्षण, सुधार के लिए दिशा-निर्देश-** परेड के उपरांत आईजीपी ने शासकीय वाहनों, ड्राइवर टूलकिट, रजिस्टर, बीडीएस टीम, डॉग स्क्वॉड, शस्त्रागार, मैगजीन भवन एवं नारकोटिक मालखाने का निरीक्षण किया। उन्होंने वाहन शाखा प्रभारी को वाहनों की नियमित देखरेख सुनिश्चित करने तथा आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। डॉग स्क्वॉड की स्थिति जानने के बाद डॉग मास्टर को डॉग्स की खानपान व्यवस्था, ट्रेनिंग और स्वास्थ्य परीक्षण समय-समय पर कराने के निर्देश दिए गए। वहीं, पुलिस कस्टडी में आरोपियों को हथकड़ी लगाने की प्रक्रिया को विधिसम्मत बनाए रखने हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए।

**सम्मेलन में सुनी जवानों की समस्याएं-** आईजीपी गर्ग ने बाद में आयोजित पुलिस सम्मेलन में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने जवानों की व्यक्तिगत व पारिवारिक समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जवानों की कार्यक्षमता को बनाए रखने के लिए उनके मनोबल को ऊँचा रखना आवश्यक है।

**जिंदगी को हां, नशे को ना का संकल्प-** समारोह के दौरान आईजीपी ने नशा मुक्ति शपथ दिलाई और कहा कि समाज को नशे से मुक्त करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने स्कूल, कॉलेज व ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने की अपील की।

**डिजिटल पुलिसिंग और साइबर जागरूकता पर जोर-** आईजीपी ने साइबर प्रहरी अभियान, त्रिनयन एप एवं सशक्त एप के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि आने वाला समय स्मार्ट व डिजिटल पुलिसिंग का है। थानों में रखे जाने वाले सभी रजिस्टरों एवं रिकॉर्ड्स को डिजिटल करने, साथ ही पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**स्वस्थ शरीर, मजबूत मनोबल-** आईजीपी गर्ग ने जवानों से कहा कि वे नियमित योग, व्यायाम और पारिवारिक समय को अपने जीवन में शामिल करें। उन्होंने कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य ही किसी भी जवान की सेवा क्षमता को मजबूत बनाता है। इस अवसर पर एसपी रामकृष्ण साहू, एएसपी ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश झा, डीएसपी संतोषी ग्रेस, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, निज सहायक श्रीनिवास राव, पीआरओ प्रशांत शुक्ला सहित समस्त थाना-चौकी प्रभारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम एवं अधिकार मित्रों की मासिक समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निधि शर्मा द्वारा लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम एवं अधिकार मित्रों की मासिक समीक्षा बैठक ली। उक्त बैठक में लीगल एड डिफेंस कौंसिल को सुहास चकमा बनाम भारत संघ (और अन्य) मामला व सतेन्द्र कुमार अंतिल मामले में निर्देशित बिन्दुओं का पूर्णतः पालन किए जाने का आदेश दिया गया तथा सौंपे गए प्रकरणों में उचित कानूनी जांच प्रभावी बचाव रणनीति की योजना बनाने, प्रत्येक माह नियमित रूप से जेल भ्रमण करने, विचाराधीन बंदियों के जमानत संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये जाने की कार्यवाही के संबंध में चर्चा किया गया। साथ ही समस्त अधिकार मित्रों को नालसा और सालसा द्वारा संचालित योजनाएं, वरिष्ठजनों के अधिकार, मोटरयान दुर्घटना दावा प्रकरण अधिनियम, नालसा टोल फ्री नंबर 15100, हमर अंगना स्कीम के अंतर्गत घरेलू हिंसा अधिनियम, सचेत अभियान, जागृति योजना, संवाद योजना, डान योजना, निःशुल्क विधिक सहायता व कानूनी विषयों के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु चर्चा किया। इसके साथ ही आगामी नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण संबंधी जानकारी आमजनों को प्रदान कर व विधिक जागरूक्ता शिविर के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्देश दिया गया।

### शासकीय प्राथमिक शाला देवरी में मना शाला प्रवेशोत्सव

**कवर्धा।** गत दिनों शासकीय प्राथमिक शाला देवरी, संकुल मरका में शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों को गणवेश एवं स्कैन की गई साथ ही पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। शाला प्रवेशोत्सव में समूह के द्वारा न्यौता भोज कराया गया। न्यौता भोज में खीर, पूड़ी, सब्जी, जलेबी खिलाया गया।

## हाटरांका स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव, सरपंच ने कराया नेवता भोज



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला हाटरांका में प्रवेश उत्सव का आयोजन बड़े उत्साह एवं गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया एवं मिठाई खिलाकर उनका मनोबल बढ़ाया गया। साथ ही विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री भी वितरित की गई। कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच देवराज वर्मा, गणमान्य नागरिक गणेश वर्मा, शंकर वर्मा, राजेंद्र वर्मा, विष्णु वर्मा एवं दिनेश वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और शिक्षा के महत्व पर प्रेरक विचार रखे। प्रवेश उत्सव के उपरांत ग्राम सरपंच देवराज वर्मा द्वारा विद्यार्थियों एवं अतिथियों के लिए नेवता भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी को खीर, पुरी, पनीर आदि स्वादिष्ट व्यंजन परोसे गए। यह आयोजन समरसता एवं सामुदायिक सहभागिता का सुंदर उदाहरण बना। कार्यक्रम का कुशल संचालन एवं सफल संयोजन प्रधान पाठक विकास चौबे द्वारा किया गया, जिन्होंने अंत में सभी अतिथियों, पालकों एवं सहभागियों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के समस्त शिक्षकगण एवं स्वच्छता सहायक भी उपस्थित रहे।

# सिंघौरी स्कूल में मनाया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय प्राथमिक एंव मिडिल स्कूल सिंघौरी में नये सत्र प्रारंभ होने पर शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन कर बड़ी धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती की तैलचित्र पर माल्यार्पण एंव दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधान पाठक मीनाक्षी शर्मा द्वारा स्वागत उद्बोधन एंव कार्यक्रम की रूपरेख और विद्यालय की मुख्य बिंदुओं पर चर्चा किया गया।तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों द्वारा बारी बारी से उद्बोधन भाषण एंव नवप्रवेशी बच्चो को बधाई दी गयी। कक्षा पहली और छठवीं में दाखिला लेने वाले नवप्रवेशी बच्चों को गुलाल से तिलक लगाकर, मुहँ मिठा कराकर एंव पाठ्यपुस्तक और गणवेश प्रदान करके स्वागत किया गया।उपस्थित पार्षद एंव अतिथि द्वारा सभी बच्चों को नियमित स्कूल आने और अच्छे से पढ़ाई करने की सलाह दी गयी।पार्षद नीतू कोठारी द्वारा सभी नवप्रवेशी बच्चों को उपहार स्वरूप टिफ़नि बॉक्स दिया गया।केंद्र सरकार के मंशानुरूप एक पेड़ मा के नाम 2.0के तहत शाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रकाश ठाकुर(पार्षद 13),निखिल साहू(पार्षद 12), तोकेश्वर साहू(पार्षद 14),सुश्री नीतू कोठारी (पार्षद 16),कन्हैयालाल वर्मा,भानु साहू,नारद साहू,राकेश साहू,छबिलाल वर्मा,गायत्री सोनी सहित पालक के रूप में मातृ शक्ति एंव विद्यालय परिवार की ओर से मीनाक्षी शर्मा प्रधान पाठक,सरस्वती साहू,शशिकला यादव,देवेंद्र साहू,नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल,किरण खरे धनीराम बंजारे संकुल समन्वयक सहित बच्चे उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन नुतेश्वर चंद्राकर एंव आभार प्रकट और कार्यक्रम समापन की घोषणा धनीराम बंजारे द्वारा किया गया।

### बोआई कार्य शुरू

**बरबसपुर।** बंगाल की खाड़ी पर दबाव होने के कारण लगातार बादल छाए हुए हैं। जिनके कारण से कबीरधाम जिले में दो-तीन दिनो से रिमझिम रिमझिम हल्की बारिश होने से क्षेत्र के ग्रामीण किसान इन दिनों धान फसल, कोदो-कुटकी, मूंगफली व अरहर की बोआई कार्य में जुटे हुए है। बताया जाता है कि क्षेत्र के ग्रामीण किसान सुबह से ही खेती-किसानी कार्य के लिए हल व ट्रैक्टर के माध्यम से खेतों की जोताई-बोआई ग्राम जेवड़न खुर्द, बरबसपुर, दौजरी, डबराभाट, सारंगपुर खुर्द, सिंघनपुरी व क्षेत्र जोर-शोर से किया जा रहा है।

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

# सरपंच ने नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




शासकीय प्राथमिक शाला समेसर विकासखंड नवागढ़ में आज शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया तत्पश्चात समिति के सदस्यों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। सरपंच हरिशंकर लहरें के द्वारा नवप्रवेशी बच्चो का स्वागत गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर किया गया। बच्चो को गणवेश और पाठयपुस्तक दिया गया। सरपंच हरिशंकर लहरे ने कहा कि विद्या रूपी धन का बंटवारा नहीं किया जाता। ये एक ऐसा धन है जो स्वयं के और समाज सुधार में काम आता है। सरपंच महोदय के द्वारा बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। स्कूल की प्रधानपाठिका साधना साहू के द्वारा शासकीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। जिससे सभी को लाभ मिले जैसे वृक्षारोपण, मध्यान्ह भोजन, शाला त्यागी बच्चो की जानकारी , बुनियादी साक्षरता संख्या ज्ञान (FLN) पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। प्रधान पाठिका साधना साहू के द्वारा मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया गया और 10 एजेंडा के माध्यम से बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु चर्चा किया गया और समस्त शाला अप्रवेशी शाला त्यागी बच्चों को शाला में प्रवेश दिलाना बताया गया।




### शाला प्रवेश उत्सव में हुआ विद्यार्थियों का स्वागत

**बेमेतरा।** साजा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बरगा के शासकीय प्राथमिक शाला में हर्षोल्लासपूर्वक शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच नंदकुमारी ठाकुर, उपसरपंच प्रतिनिधि कमलेश साहू सहित ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। नव प्रवेशी बच्चों का पारंपरिक तरीके से तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, स्कूल ड्रेस एवं शैक्षणिक सामग्री भी वितरित की गई, जिससे बच्चों में उत्साह की लहर देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान पालक समिति का गठन किया गया, जिसमें नारायण साहू को अध्यक्ष तथा पुनाराम साहू को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठजन तखतराम साहू, सुरेंद्र साहू, डोमार वर्मा, जोहन पाल, रूपेश साहू, विजय वर्मा, मालूराम, गंगाधर, श्रवण साहू, डीकेश साहू, गंगासागर आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय परिवार की ओर से शिक्षक रामनारायण पटेल एवं युक्ति साहू ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। अंत में प्रधान पाठक कन्हैयालाल लहरे ने सभी अतिथियों एवं पालकों का आभार व्यक्त किया तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
11 यात्री बुकिंग पर एक यात्री फ्री
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
14 जुलाई, 14 अगस्त, 4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411